R.N.I.No. 22705 / 72

# सरसवाणी

वर्ष: 49 | अंक : 8 | अगस्त 2019 | सं. 2076 श्रावण | लागत मूल्य : ₹ 6

## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

माहेश्वरी प्रगति मण्डल की 61 वीं वार्षिक साधारण सभा शनिवार, दि. 21 सितम्बर 2019 को सायं 6 बजे माहेश्वरी भवन, 603, गिरगांव रोड़, मुम्बई - 400002 में होगी जिसमें निम्नलिखित विषयों पर विचार होगा :-

1. कार्यकालिक वृतान्त की स्वीकृति ।
2. 31 मार्च 2019 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षक द्वारा ऑडिट किये गये हिसाब की स्वीकृति ।
3. 31 मार्च 2020 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षक (आडिटर्स) की नियुक्ति एवम् उनका पारिश्रमिक निर्धारित करना ।
4. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

मुम्बई
दिनांक 3 अगस्त 2019

व्यवस्थापिका सभा के आदेशानुसार
प्रमोदकुमार देवपुरा - मंत्री

**नोट :**

1. मण्डल के ऑडिट किए हुए हिसाब एवम् कार्यकालिक वृतान्त इसी 'सरसवाणी' में प्रकाशित किये गये हैं ।
2. आवश्यक गणसंख्या (कोरम) न होने पर सभा स्थगित करके पुनः आधे घंटे पश्चात् सभा उसी स्थान पर होगी एवम् पूर्व घोषित कार्य सूची के अनुसार कार्य निष्पादन किया जायेगा एवम् उसमें उपस्थित सदस्यों की संख्या ही गणसंख्या (कोरम) मानी जायेगी ।
3. कार्य सूची में निर्देशित विषयों पर आपकी जिज्ञासा, यदि कोई हो तो, लिखित रूप में मंत्री के नाम मण्डल कार्यालय में दिनांक 09 सितम्बर 2019 तक भेज दें, जिससे उनके समुचित उत्तर देने में सुविधा होगी।

### मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित
### मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

## इन्द्रधनुष के रंग अपनों के संग 2019

(समाज के कलाकारों की प्रस्तुति)

रविवार 15 सितम्बर 2019 सायं 6 बजे
**स्थल :** वीर सावरकर ऑडिटोरियम, शिवाजी पार्क, दादर (प.)

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

P 07

स्थापना 1957
अविरत समाज सेवा

| आयोजक | आयोजन | दिनांक | स्थल | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| मालाड महिला समिति | जन्माष्टमी उत्सव | 21 August | मालाड (पू.) | 05 |
| मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियाँ | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव | 23 August | मुलुण्ड (प.) | 05 |
| घाटकोपर क्षेत्रीय समितियाँ | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव | 24 August | घाटकोपर भवन | 06 |
| मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियाँ | पिकनिक | 25 August | इगतपुरी | 06 |
| केन्द्रीय महिला समिति | नन्दोत्सव | 29 August | अंधेरी भवन | 05 |
| बोरीवली महिला समिति | एक दिवसीय पिकनिक | 30 August | Club One, Virar | 06 |
| दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | पदयात्रा | 1 Sept. | गिरगांव भवन | 06 |
| मुलुण्ड युवा समिति | शरबत वितरण | 12 Sept. | भाण्डुप (प.) | 07 |
| दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | उद्‌बोधन | 15 Sept. | गिरगांव भवन | 06 |
| मध्य मुम्बई क्षे. समितियाँ | वार्षिकोत्सव 2019 | 15 Sept. | दादर (प.) | 07 |
| विवाह सहयोग समिति | A Talk Show | 15 Sept. | अंधेरी भवन | 02 |
| अंधेरी महिला एवं युवा समिति | गरबा रजनी | 12 October | ...... | 06 |
| मालाड क्षेत्रीय समितियाँ | मालाड उत्सव | 24 November | ...... | 07 |
| माहेश्वरी प्रगति मण्डल | बृहद् स्नेह मिलन 2020 | 05 Jan. 2020 | बांगड़ नगर, गोरेगांव (प.) | 04 |
| केन्द्रीय महिला समिति | नेपाल यात्रा | 21 -27 Feb. 2020 | नेपाल | 07 |

रिश्ते कच्चे धागे की तरह नाजुक होते हैं। रिश्तों मे स्नेह, त्याग व विश्वास रहने से रिश्ते अटूट होते हैं, अन्यथा बिगड जाते है। जीवन में खून के रिश्ते होते है व कुछ अन्य रिश्ते, इनका संरक्षण व संवर्धन करना स्वयं पर निर्भर होता है। रिश्तों को व्यवस्थित रुप से निभाने पर जीवन सुखशांति से परिपूर्ण होता है। उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए परिचर्चा (A Talk Show) का आयोजन निम्नानुसार किया गया है। अपने जीवन साथी के साथ इस परिचर्चा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं यही आप सभी से अनुरोध है।

## रिश्तों की महक सामाजिक विषय पर परिचर्चा

वक्ता : श्रीमती विमलादेवी साबू (सूरत) एवं श्री अशोकजी बंग (नासिक)

रविवार 15 सितम्बर 2019 सायं 5 से 8 बजे तक **स्थल :** माहेश्वरी भवन, अंधेरी

आयोजक : विवाह सहयोग समिति मनोज लड्ढा - संयोजक - 93235 41634

A TALK SHOW

# चिकित्सा सहायता कोष

## (माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई के अन्तर्गत)

### चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।

आवेदन, पूर्ण विगत के साथ मंत्री, चिकित्सा सहायता कोष के नाम निम्न पते पर प्रेषित करें।

**माहेश्वरी भवन**

603, जगन्नाथ शंकर शेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई - 400 002

• दूरध्वनि : 22005026 /27 /28 /33 /36 • फैक्स : 22018834

Email : info@mpmmumbai.in Website : www.mumbaimaheshwari.com

सम्माननीय समाजबन्धुओं, बहनो एवं युवा साथियों,
जय श्रीकृष्ण।

मेरी जुबान को मीठे का स्वाद पसन्द नहीं, पर मीठा बोलना इसे बेखूबी से आता है,
क्योंकि जुबान पर मिठास का रस, मीठे से नहीं संस्कारों से घोला जाता है !

संस्कार क्या है ? और आज के इस तीव्र गति से बदलते युग में संस्कारों की सबसे ज्यादा जरुरत किसको है ? बच्चों को या बड़ों को ? बच्चे जब कुछ अच्छा बोलते हैं, अच्छा करते है, तो लोग कहते हैं, कि कितने अच्छे संस्कार दिये है और अगर कुछ गलत करते है, या दुर्व्यवहार करते है तो कहते हैं कैसे संस्कार दिये है इनके माता पिता ने !, इनके परिवार वालों ने !!

वैसे तो मण्डल के अतरिक्त अनेक सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाएँ समय समय पर बाल संस्कार शिविर आयोजित करती रहती है, जो कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी है । ऐसे शिविर से बच्चों की सोच संस्कारात्मक होती है जो उनको आशावादी व आत्म विश्वास से परिपूर्ण बनाती है, पर माता पिता शायद भूल जाते है कि संस्कारों की पाठशाला तो गर्भावस्था से ही शुरू हो जाती है । कहते हैं कि गर्भधारण के 40/45 दिनों में ही बच्चे का दिमाग विकसित होना प्रारम्भ हो जाता है । स्वाभाविक है कि संस्कारों का निर्माण भी तब से शुरू हो जाता है । माता पिता क्या सोचते हैं, क्या बोलते हैं, उनका खानपान, व्यवहार कैसा है, दूसरों के प्रति कैसी भावना रखते हैं । कही ना कही शिशू के दिमाग पर इन सभी का असर होता ही है । तभी तो हमारे बडे बुजूर्ग पहले के जमाने में गर्भवती माँ को ज्यादा समय भक्ति, सत्संग एवम् आध्यात्मिक विचार गोष्ठी में को मन लगाये रखने के रास्ते बताते थे, पर आज कल ये सब नही होता है, उसके अनेक कारण है और एक चर्चा का विषय है, उन सब बातों में समय नष्ट न करते हुए हम संस्कार निर्माण की ही बात करते हैं, कहते हैं, हम जैसा बोलते है वैसा ही पाते हैं ।

बच्चों के जन्म लेने के बाद हमें यह ध्यान देना जरूरी है कि हम जो कर रहे हैं वो बच्चा सब देख रहा है और उसे ग्रहण कर रहा है । यदि परिवार के छोटे या बड़ों से हम उचित व्यवहार नहीं करते हैं, हम उनका आदर सम्मान नहीं करतें है तो भूल जाये की आपका बच्चा भी बड़ा होके आपका आदर करेगा !

इसी तरह जब हम परिवार वालों के बारे में ईर्ष्या, द्वेष व हीन भावना रखते है तो हमारे बच्चे भी यही सीखते है । हम जो करते हैं बच्चे वही सीखते हैं, लालच व रिश्वत हम बच्चे के मन में उसके बचपन से ही भर देते हैं । तुम यह करोगे तो तुम्हे यह चीज देंगे । खाना खाओगे तो चॉकलेट देंगे । पढ़ोगे तो खिलौने देंगे । मंदिर चलोगे तो प्रसाद मिलेगा बच्चा समझता है कि कुछ पाने के लिये कुछ देना ही पड़ता है । इसी तरह कोई इन्सान कामयाबी पाता है और हम उसकी अच्छाईयों के बजाय गलतियाँ गिनते है तो बच्चे को लगता है कि गलत काम करने से कामयाबी मिलती है ।

आज कल घर के नौकर या मेड्स बच्चों को संभालती है । हमे लगता है बच्चे सुरक्षित है पर हमें यह समझना आवश्यक है कि बच्चे उनसे क्या सीख रहे हैं । इस बात को अनदेखा करना सबसे अधिक घातक होगा । 2 साल के बच्चे को Play Group में भेज देते है । जो व्यक्ति इस Play Group को चला रहा है वह अपने बच्चों के भविष्य को सुधारने में लगा है । वह बच्चे को खेल खिलौने तो दे सकता है पर संस्कार कहां से देगा । बच्चे उस Play Group में खेल खेलना तो सीख जायेंगे पर संस्कार कहा से लायेंगे । उसके लिये तो दादा-दादी, चाचा चाची की घर की Play Group की व कहानीयों की जरूरत है ।

वर्तमान परिवेश में बच्चों को Play Group से वंचित नहीं रख सकते हैं । बच्चे परिवार की, समाज की व राष्ट्र की धरोहर है । इसका संरक्षण व संवर्धन करने हमें (माता-पिता को) संस्कारी बनना होगा ।

मंगल कामनाओं के साथ, जय महेश।

विनम्र

दिनांक : 15 अगस्त 2019

अजय मंत्री - अध्यक्ष

स्थापना 1957
अविरत समाज सेवा

# माहेश्वरी प्रगति मण्डल
# बृहद् स्नेह मिलन 2020

रविवार, 5 जनवरी 2020
प्रातः 9.30 से सायं 5 बजे तक
बांगड़ नगर ग्राउन्ड, गोरेगांव (West)

## मुम्बई के समाजबन्धुओं का स्नेह मिलन

### मेल मिलाप का सुअवसर - अपेक्षित उपस्थिति 10,000

**• नाश्ता प्रातः 9.30 से 11 बजे तक • भोजन 1 से 3 बजे तक • सायंकालीन चाय : 3.30 बजे से**

**सभी आयु वर्गों के लिए कार्यक्रम • बच्चों के लिए KIDS' ZONE**
**मंच कार्यक्रम एवं प्रतिभावान छात्रों का अभिनन्दन**

**आठ क्षेत्रों द्वारा नृत्य संगीत, सांस्कृतिक एवं अन्य आकर्षक कार्यक्रम**

प्रत्येक क्षेत्र से नृत्य संगीत के लिए
Artists, Dancers, Singers, Choreographers एवं Anchors का चयन किया जाएगा।
आप अपने क्षेत्र के कलाकारों के नाम रजिस्टर करवाने कृपया सम्पर्क करें।
श्रीमती सरलाजी बागड़ी - 98201 02690 • श्रीमती मनिषाजी बिसानी - 98704 33250

समाज के इस महा कुम्भ में जहां लगभग 10,000 समाजबन्धुओं की उपस्थिति होगी
इसमें महिलाओं एवं युवाओं को नई पहचान प्रदान करने का विचार है, जैसे
**Women Empowerment & StartUp** **Page 05**




- उद्यमी महिलाओं को अपनी कला-कौशल को समाजबन्धुओं के सम्मुख प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जायेगा।
- प्रत्येक क्षेत्र से तीन उद्यमी महिलाओं को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराया जायेगा जिसमें वे अपनी कला - कौशल / Product का प्रदर्शन कर सकेंगी। वहां पर Sale नहीं कर सकेंगी।
- Franchisee Product / Agency / Trading मान्य नहीं होगा।
- चयन Independent Expert Panel द्वारा निर्धारित किया जायेगा एवं उनका निर्णय सर्वमान्य होगा।
- क्षेत्र की उत्सुक बहने अपना नाम निम्नलिखित बहनों से Register करावें।

• चंचलजी राठी - 98923 03256 • ज्योत्स्नाजी सारड़ा – 93203 09630 • मोनिकाजी मालपानी - 79772 06270

## बृहद् स्नेह मिलन 2020...

- Stalls will be provided to YOUTH who are looking to present their products or services.
- 16 Stalls will be provided to eligible youth preferably 2 from each zone.
- Selection of StartUp Entrepreneurs will be done by Independent expert panel.
- Interested entrepreneur will have to register with

Shri Ashishji Kabra : 73031 37372
Shri Vinodji Maloo : 98211 19785
Shri Vaibhavji Mandhana : 99671 10003




यह समाज का MEGA EVENT है। सरसवाणी एवं Whatsapp / Email से समय समय पर अन्य जानकारियां देते रहेंगे। Details are also available at www.mumbaimaheshwari.com

संदीप परवाल - संयोजक - 98203 15045
bsm2020mpm@gmail.com

**आपका साथ - हमारा विश्वास**

## मालाड महिला समिति द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

बुधवार दि. 21 अगस्त 2019 अपराह्न 2.30 बजे
स्थल : श्रीमती शर्मिला दिलीपजी झंवर का निवास स्थान
A-1301, IVY Towers, Vasant Valley, Near Dindoshi Bus Depot, Malad (E)

★ श्रीकृष्ण लीला पर आधारित हौऊजी ★ श्रृंगारमय प्रश्नोत्तर ★ भजन व नृत्य की अविरल धारा

सभी बहने सादर आमंत्रित हैं। मीनू सोनी - संयोजिका - 93242 33820



## मुलुण्ड क्षेत्रीय समिति द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव




शुक्रवार 23 अगस्त 2019 रात्रि 9 बजे से
**स्थान :** श्री नन्दकिशोरजी राठी का निवास
B-201/202 रूनवाल टॉवर,वीणा नगर के सामने,
एल.बी.एस मार्ग, मुलुण्ड (प.) (98201 47387)
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
वैंकटेश तोतला - संयोजक - 99877 91800

## केन्द्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

## नन्दोत्सव (अंजली जाजु की मनमोहक प्रस्तुति)

नन्दोत्सव में सजकर पधारो गोपी बनकर कान्हा की
अपने लाला संग पधारो अंधेरी भवन सारी सखियांजी
कृष्ण जनम को उत्सव मनावा बधाई सगला बहेना न जी
सरोज सोनी - संयोजिका - 98205 33586

गुरूवार 29 अगस्त 2019
अपराह्न 2.30 से सायं 5 बजे तक
**स्थल :** माहेश्वरी भवन, अंधेरी

नन्दोत्सव के उपलक्ष्य में विरार स्थित वृध्दाश्रम के बन्धु-बहनों को बधाईयाँ बाटेंगे एवम् खुशी के कुछ पल उनके साथ बितायेंगे।





## मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

**चौमासारी पिकनिक**

रविवार 25 अगस्त 2019 प्रस्थान : प्रात: 6.30 बजे (बस द्वारा)


**THE GRAND GARDEN RESORT (Igatpuri)**

Swimming Pool Rain Dance Indoor / Outdoor Games Music
Delicious Breakfast, Lunch & High Tea

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें।

वेंकटेश तोतला - 99877 91800 • डॉ. विनीता बियानी - 98925 20307 • राकेश भट्टड - 93210 30784

## बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित चौमासारी एक दिवसीय पिकनिक



सभी बहने सादर आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी एवं नाम लिखवाने हेतु
कृपया सम्पर्क करें।

शुक्रवार 30 अगस्त 2019
**स्थल :** CLUB ONE, Virar

अंजना साबू - 97697 84804 • सरोज लड्ढ़ा - संयोजिका - 98196 23888



## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम

गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर

**श्री सिध्दि विनायक मंदिर पदयात्रा**

रविवार दि. 1 सितम्बर 2019, **स्थल :** माहेश्वरी भवन, गिरगांव
सायं 6 बजे भजन संध्या. रात्रि 9 बजे प्रसादी रात्रि 11 बजे पदयात्रा प्रारम्भ
प्रात: 4 बजे (गणेश चतुर्थी) श्री सिध्दिविनायक दर्शन

**स्वामी गोविन्ददेवजी गिरी**

(श्री किशोरजी व्यास) का उद्बोधन

**सामाजिक विषय**

**आधुनिक युग में परिवार मे सामंजस्य**

रविवार दि. 15 सितम्बर, 2019
प्रात: 10 बजे, माहेश्वरी भवन, गिरगांव

कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसाद की व्यवस्था है।

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिये कृपया सम्पर्क करें।

रामअवतार चाण्डक - 93234 50502 • किशनगोपाल सोमानी - 93245 81811 • हर्षद केला - संयोजक - 98198 32445



## घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव**

शनिवार 24 अगस्त 2019
रात्रि 9 बजे
माहेश्वरी भवन, घाटकोपर

समाज के कलाकारों द्वारा सुमधुर भजन व छोटे बच्चों द्वारा झांकी

**समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।**

राजेश लोया - संयोजक - 92233 74220

## अंधेरी महिला एवं युवा समितियों द्वारा आयोजित गरबा रजनी

शनिवार दि. 12 अक्टूबर 2019, सायं 7 बजे से
कृपया उपरोक्त दिन सुरक्षित रखें।

कान्ता मालपानी - संयोजिका (महिला समिति) - 93227 33821
वैभव मानधना - संयोजक (युवा समिति) - 99671 10003
अधिक जानकारी आगामी सरसवाणी में प्रकाशित की जायेगी।



## मालाड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

**मालाड उत्सव**

रविवार दि. 24 नवम्बर 2019


**मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम**

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक कलाकार (5 yrs. to 55 yrs.) अन्तिम तिथि दि. 15 सितम्बर तक सम्पर्क करें।

चंचल राठी - 98923 03256 • ज्योत्स्ना सारड़ा - 93203 09630
कौशल्या गग्गड़ - 93215 32327 • सुनीता सारड़ा - 93247 48773

राधेश्याम डालिया - संयोजक - 93224 05773
वतन माहेश्वरी - कार्यक्रम संयोजक - 98673 99388

## केन्द्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित
## नेपाल - पशुपतिनाथ यात्रा



दि. 21 से 27 फरवरी 2020

सभी बहने सादर आमंत्रित हैं।

अधिक जानकारी व नाम लिखवाने हेतु कृपया सम्पर्क करें।

सरोज सोनी - संयोजिका - 98205 33586



## मुलुण्ड क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा

**श्री गणेश विसर्जन** के पर्व पर भक्तों के लिये **मधुर शरबत वितरण**

गुरूवार 12 सितम्बर 2019 सायं 4.30 बजे से • स्थल : ड्रिम्स मॉल के पास, एल.बी.एस. मार्ग, भाण्डुप (प.)

राकेश भट्टड - संयोजक - 93210 30784

From P 01

## मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित
## मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

### मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन नियमावली

KG - 4th Std. - A+ Grade & above

5th - 10th Std. - (SSC/ICSE/CBSE & Equivalent) 85% & above

कृपया अन्तिम तिथि दि. 30 अगस्त 2019 के पूर्व वर्ष 2018-19 की Mark Sheet की कॉपी, सम्पूर्ण नाम, पता, टे.नं. एवं मोबाईल नं. सहित निम्नलिखित कार्यकर्ताओं के पास जमा करें।

पवन माहेश्वरी - 98203 29351 • भगवान भूरा - 98672 75591 • राजेश लोया - 98200 44558

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक कलाकार (5 yrs. & above) कृपया सम्पर्क करें।

राखी बजाज - 98213 20925 • मनीषा बिसानी - सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका - 98704 33250

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | | संयोजक/संयोजिका | |
|---|---|---|---|---|
| मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समिति | सुरेश जाजु | - 93222 29484 | घनश्याम मून्दड़ा | - 70456 61961 |
| मध्य मुम्बई महिला समिति | मंजु राठी | - 93247 81836 | सुषमा जाजु | - 93200 56000 |
| मध्य मुम्बई युवा समिति | गौरव भण्डारी | - 98920 12978 | दिनेश माहेश्वरी | - 98673 96995 |

महेश मरदा - कार्यक्रम संयोजक - 98200 28440

# माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई
## 60 वाँ कार्यकालिक वृत्तान्त

सम्माननीय बन्धुओं एवम् बहनों,

माहेश्वरी प्रगति मण्डल की 61 वीं वार्षिक साधारण सभा के पटल पर, मण्डल का 60 वाँ कार्यकालिक वृतान्त (**दिनांक 01.08.2018 से 31.7.2019** तक), 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लेखा-परीक्षक द्वारा निरीक्षित हिसाब एवम् 31 मार्च 2020 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का व्यवस्थापिका सभा द्वारा पारित आय-व्यय एवम् पूंजीगत बजट, आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है ।

## कार्यकालिक वृतान्त

### मण्डल की प्रमुख गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण

#### न्यास मण्डल

मण्डल की समस्त चल अचल सम्पत्ति के संरक्षण एवम् संवर्धन का दायित्व न्यास मण्डल पर है । इसके अन्तर्गत निर्मित, माहेश्वरी भवन गिरगांव, विशेष रूप से बाहरगांव से मुम्बई में चिकित्सा हेतु आने वालों के लिए बहुत ही उपयोगी एवम् सुविधाजनक है । माहेश्वरी भवन, अंधेरी विशेष रूप से विवाह, मांगलिक प्रसंगों एवम् अध्यात्मिक प्रवचनों हेतु तथा बोरीवली प्लॉट मांगलिक एवम् अन्य प्रसंगों हेतु उपयोग में आ रहे हैं । घाटकोपर भवन एवम् गोरेगांव फ्लेट भी समितियों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु तथा मांगलिक एवम् अन्य प्रसंगों हेतु उपयोग में आ रहे हैं । उपरोक्त सम्पत्ति की व्यवस्था के कार्य न्यास मण्डल द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सम्बन्धित समितियों की देखरेख में सम्पन्न हो रहे हैं ।

न्यास मण्डल के कार्यकलाप की मुख्य जानकारी निम्नानुसार है ।

1) गिरगांव भवन के कमरों के आरक्षण हेतु online सुविधा उपलब्ध करवाई गई है जिसका उपयोग समाजबन्धुले रहे है ।

2) अंधेरी भवन में ठहरने की सुविधा हेतु 5 कमरे तत्काल आरक्षण के अन्तर्गत सभी के लिए उपलब्ध हैं ।

3) चिकित्सा हेतु सदस्यों के लिये रियायती दरों पर दोनों भवनों में कमरे उपलब्ध है जिससे समाजबन्धु लाभान्वित हो रहे हैं।

#### व्यवस्थापिका सभा

मुम्बई निवासियों के सर्वांगीण विकास एवम् विभिन्न सामाजिक व चेरीटेबल उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्थापित मण्डल की समस्त गतिविधियों को सुनियोजित एवम् सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने, नीति निर्धारित करने तथा मण्डल की समस्त वैधानिक तथा कार्यकारी सम्बन्धित उत्तरदायित्व एवम् इसके अन्तर्गत कार्यरत सभी इकाईयों का मार्गदर्शन एवम् मोनिटरिंग का भार व्यवस्थापिका सभा का है। मण्डल की व्यवस्थापिका सभा (सत्र 2018-20) का गठन सितम्बर 2018 में पूर्ण हो गया। तत्पश्चात्, अक्टूबर, 2018 में सभी केन्द्रीय व क्षेत्रीय समितियों का गठन पूर्ण हुआ । वर्तमान में, सभा के 42 सदस्य हैं तथा प्रतिमाह साधारणतया दो बैठकें आयोजित की जाती है। दिनांक 01.08.2018 से 31.07.2019 तक के कार्यकाल में सभा की 22 बैठकें सम्पन्न हुई है। व्यवस्थापिका सभा के अन्तर्गत 8 केन्द्रीय एवम् 24 क्षेत्रीय समितियाँ कार्यरत है जिनमें 9 महिला एवम् 9 युवा समितियों का समावेश है । 650 से अधिक सक्रिय एवम् कर्मठ कार्यकर्ता है जिसमें लगभग 175 महिलाएं एवम् 125 युवा हैं । व्यवस्थापिका सभा द्वारा सभी केन्द्रीय एवम् क्षेत्रीय समितियों हेतु पालक मार्गदर्शक नियुक्त किये गये हैं जो मण्डल के पदाधिकारी अथवा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से होते हैं ।

#### पदाधिकारियों की बैठकें

मण्डल के कार्यों से सम्बन्धित विचार-विमर्श करने एवम् चेरीटेबल व समाजोपयोगी विषयों पर चिन्तन - मनन हेतु पदाधिकारियों की साधारणतया प्रति माह दो बैठकें आयोजित की जाती है, जिसमें मण्डल के सभी पूर्व अध्यक्षों को स्थायी रूप से आमंत्रित किया जाता हैं । नीतियों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहराई से चिन्तन हेतु आवश्यकतानुसार पूर्ण एवं अर्ध दिवसीय बैठकें भी आयोजित की जाती है।

## व्यवस्थापिका सभा द्वारा सम्पन्न कार्यों की जानकारी एवम् प्रमुख निर्णय -

### (1) सामाजिक चेतना - विचार गोष्ठी - तृतीय पुष्प

'श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष' के अन्तर्गत दि. 19 अगस्त 2018 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में आयोजित विचार गोष्ठी में हमारे समाज के राष्ट्रस्तरिय जाने माने उद्बोधक शिक्षण प्रसारक संस्था, संगमनेर के चेअरमेन व गीता परिवार के संस्थापक डॉ. श्री संजयजी मालपानी, का 'हंसते हुए जिंदादिली से जिये' विषय पर उद्बोधन बहुत ही सराहनीय रहा। आपने मनुष्य की जीवन पद्धति एवम् जीवन का उद्देश्य आदि महत्वपूर्ण विषय समझाते हुए सार्थक जीवन जीने के मार्ग पर उपयुक्त मार्गदर्शन दिया । लगभग 400 से अधिक समाज-बन्धुओं की उपस्थिति रही ।

### (2) कार्यकर्ता सम्मेलन

नये सत्र के प्रारम्भ में दिनांक 23.12.2018 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें वर्ष भर में सभी समितियों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में चिन्तन एवम् सुझाव आमंत्रित किये गये । सम्मेलन में लगभग 375 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही तथा 34 कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव दिये । इन सुझावों पर लिए गये निर्णयों को सम्बन्धित कार्यकर्ता को एवम् सम्बन्धित समिति को पत्र द्वारा सूचित कर दिया गया है ।

### (3) वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण कार्यक्रम शनिवार, दि. 12 जनवरी 2019 को मुख्य अतिथि श्री नारायणदासजी मानधणा, बैंगलुरू (मण्डल के पूर्व अध्यक्ष एवम् समर्पित समाजसेवी) की गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर पारिवारिक व सामाजिक सारगर्भित मेसेज देने वाला नाटक, Jab We Separated का मनमोहक प्रस्तुतिकरण हुआ । मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा 58 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व 79 विद्यार्थियों को रजत पदक तथा सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व प्रायोजित नगद पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में लगभग 2000 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

### (4) महेश नवमी समारोह

महेश नवमी समारोह रविवार, दि. 9 जून 2019 को माहेश्वरी भवन, अंधेरी में लगभग 450 समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । श्रीमती वन्दनाजी डागा ने सुमधुर महेश वन्दना की प्रस्तुति की । इस अवसर पर विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त समाजबन्धुओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया । समाज के कलाकारों द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति हुई । जिसका संगीत समाज के कलाकारों ने ही दिया था । भोजन जूठा नहीं छोडने के लिये अध्यक्ष महोदय ने समाजबन्धुओं को संकल्प दिलवाया जो निम्नानुसार है ।

संकल्प . :

''मैं संकल्प लेता / लेती हूँ कि मैं भोजन को जूठा नहीं छोडूंगा / छोडूंगी तथा परिवार, सगे सम्बन्धी एवम् मित्र परिवार के सदस्यों को इसके लिये प्रेरित करूंगा / करूंगी।''

### (5) सामाजिक चेतना - विचार गोष्ठी – चतुर्थ पुष्प

दि. 21 जुलाई 2019 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में 'श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष' के अन्तर्गत आयोजित विचार गोष्ठी में डॉ. हंसाजी योगेन्द्र (योग गुरू एवम् डायरेक्टर, योग इन्स्टीट्यूट, सान्ताक्रुज (पू.), मुम्बई) का 'योग, स्वास्थ्य एवम् परिवार' विषय पर उद्बोधन बहुत ही सराहनीय रहा । आपने सहज एवम् सरल शब्दों में जीवन में सुख शान्ति के लिये योग, स्वास्थ्य व परिवार की महत्ता से अवगत कराया । लगभग 300 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

### (6) जनहितार्थ कार्यक्रम

मण्डल एवम् मण्डल की अन्य समितियों द्वारा कार्यान्वित विभिन्न जनहितार्थ कार्यक्रमों की जानकारी निम्नानुसार है :-

★ गिरगांव भवन, घाटकोपर भवन एवम् अन्धेरी भवन में होम्योपैथिक दवाखाने सुचारूरूप से चल रहे है । अन्धेरी भवन में Physiotherapy द्वारा भी इलाज हो रहा है ।

★ गोरेगांव एवम् बोरीवली में पेय जल हेतु प्याऊ (Water Fountain) नियमित रूप से चल रहे है ।

★ महिला समितियों एवम् क्षेत्रीय समितियों द्वारा समय समय पर स्वेच्छा से विभिन्न अस्पतालों में जरूरतमन्द मरीजों को फल आदि का वितरण किया गया ।

★ मकर संक्रांति पर्व पर महिला कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से आदिवासी क्षेत्रों, अन्ध विद्यालयों, वृद्धाश्रम एवम् गौशाला/ धर्मशाला आदि में वस्त्र / सामग्री आदि का वितरण किया ।

★ मण्डल द्वारा निर्मित Ozone Therapy Centre गोरेगांव का रियायती दरों पर समाजबन्धुओं को लाभ मिल रहा है ।

★ क्षेत्रीय समिति द्वारा मकर संक्रांति एवम् नव वर्ष के उपलक्ष्य में गाडगे महाराज धर्मशाला में रहने वाले केन्सर मरीजों को 200 कम्बलों का वितरण किया गया ।

★ जनहितार्थ कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न समितियों द्वारा जनहितार्थ कार्यक्रम संपादित किये गये हैं जिनका विवरण सम्बन्धित समितियों के कार्यक्रमों के अन्तर्गत दिया गया है, उदाहरणार्थ - केन्द्रीय एवम् क्षेत्रीय समितियों द्वारा गणेश भक्तों के लिए कचौड़ी एवम् शरबत वितरण का कार्यक्रम, आदिवासी क्षेत्रों के जरूरतमंदों के लिए सिलाई की मशीन, साईकिलों एवम् नोटबुक्स आदि का वितरण।

★ प्रतिष्ठित कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी अस्पताल, लीलावती अस्पताल एवम् गोदरेज मेमोरियल अस्पताल में रियायती दरों पर स्वास्थ्य परिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई गयी है।

★ राधाकृष्ण लाहोटी स्मृति कोष के अन्तर्गत जरूरतमंद व्यक्तियों को रू. 11,91,000/- की राशि वितरित की गई।

★ महाराष्ट्र राज्य के बहुत बड़े हिस्से में भीषण सूखे की स्थिति के कारण पशुओं के लिये चारा व पानी की व्यवस्था हेतु समाजबन्धुओं से अनुदान एकत्रित करके रू. 15 लाख की सहायता प्रदान की गई।

7) जल संरक्षण एवम् पर्यावरण सन्तुलन हेतु एक योजना स्वीकृत की गई जिसमें मुख्य रूप से individual से रू. 500/- अनुदान लिया जायेगा जो कि प्रतिमाह निर्धारित Bank account से ECS द्वारा जमा होता रहेगा । प्रारम्भ में 500/- अनुदानदाताओं का लक्ष्य रखा गया है ।

## संगठन एवम् जनसेवा समिति

1. मुम्बई में रहने वाले माहेश्वरी परिवारों के कम से कम एक सदस्य को मण्डल का आजीवन सदस्य बनाने का प्रयास निरन्तर चल रहा है । दि. 01.08.2018 से दि. 31.07.2019 तक 285 नये आजीवन सदस्य बने हैं । दिवंगत सदस्यों की सदस्यता निरस्त करने के पश्चात् दि. 31.07.2019 को मण्डल की सदस्य संख्या निम्नानुसार है ।

| संरक्षक | मानद् | आजीवन | कुल संख्या | स. आ. ग्राहक |
|---|---|---|---|---|
| 30 | 2 | 7883 | 7915 | 167 |

2. संगठन एवम् जनसेवा समिति तथा केन्द्रीय महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में सर्वजन हिताय प्रोजेक्ट के अन्तर्गत दि. 9 अक्टूबर 2018 के डहाणु के आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंदों को 48 घरघंटी व 22 सिलाई मशीन का वितरण किया गया। रानशेत डहाणु एवम् गंजाड डहाणु के स्कूल के विद्यार्थियों को 3 घरघंटी वितरित की गई । लगभग 300 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

3. दि. 26 जनवरी 2019 को समिति ने गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में समिति द्वारा ध्वजा रोहण कार्यक्रम के पश्चात् जरूरतमंद 53 छात्र छात्राओं को साईकिलों का वितरण कार्यक्रम आरे कॉलोनी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । लगभग 60 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

4. दि. 2 जून 2019 को अंधेरी क्षेत्रीय समितियों के संयुक्त तत्वावधान में OJAS LIFE सेमिनार माहेश्वरी भवन अंधेरी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । उपस्थिति लगभग 450 की रही।

5. दि. 22 जून 2019 को बोरीवली क्षेत्रीय समितियों के संयुक्त तत्वावधान में सर्वजन हिताय प्रोजेक्ट के अन्तर्गत डहाणु के आदिवासी क्षेत्र , रानशेत व गंजाड स्कूल के विद्यार्थियों को 2034 दर्जन कापियां एवम् 60 जरूरतमंद विद्यार्थियों को Reconditioned Cycles का नि:शुल्क वितरण किया गया ।

## शिक्षा सहयोग समिति

1. शिक्षा सहायता कोष में जमा एवम् वितरण राशि का विवरण निम्नानुसार है ।

| क्र. | शिक्षा सहायता कोष में कुल जमा राशि | 2018-2019 राशि रू. | 2017-2018 राशि रू. |
|---|---|---|---|
| 1 | समाजबन्धुओं से प्राप्त अनुदान | 49,11,823 | 44,72,797 |
| 2 | कोष की जमा राशि पर प्राप्त ब्याज | 5,54,469 | 5,82,699 |
| 3 | ऋण छात्रवृत्ति वापसी | 4,54,500 | 4,13,800 |
| 4 | विदेश शिक्षा सहायता हेतु प्राप्त अनुदान | -- | 1,00,000 |
| 5 | विदेश शिक्षा अनुदान वापसी | 2,00,000 | 1,00,000 |
| | कुल | 61,20,792 | 55,69,296 |

| क्र. | शिक्षा सहायता कोष में कुल वितरण राशि | 2018-2019 राशि रू. | 2017-2018 राशि रू. |
|---|---|---|---|
| 1 | 246 शिक्षार्थियों को ऋण छात्रवृत्ति | 40,50,530 | 44,43,255 |
| 2 | 7 शिक्षार्थियों को विशेष शिक्षा सहायता | 2,55,000 | 2,10,000 |
| 3 | 5 शिक्षार्थियों को विदेश शिक्षा हेतु सहायता | 8,50,000 | 5,00,000 |
| 4 | दत्तक योजना के अन्तर्गत 5 शिक्षार्थियों को प्रदत्त सहायता | 11,76,705 | 2,67,540 |
| | कुल | 63,32,235 | 54,20,795 |

2. सुलभ मूल्य कॉपी वितरण योजना - इस योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अच्छे कागज से बनी सुलभ मूल्य पर 25 वितरण केन्द्रों द्वारा 5600 दर्जन कॉपियां वितरित की गई जिसमें 2400 दर्जन लोंग बुक, 2300 दर्जन जम्बों बुक एवम् 900 दर्जन नोट बुक का समावेश है ।

3. प्रतिभावान मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान-

वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण कार्यक्रम दि. 12 जनवरी 2019 को मुख्य अतिथि श्री नारायणदासजी मानधणा, बैंगलुरू (मण्डल के पूर्व अध्यक्ष एवम् समर्पित समाजसेवी) की गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर पारिवारिक व सामाजिक सारगर्भित मेसेज देने वाला नाटक, Jab We Separated का मनमोहक प्रस्तुतिकरण हुआ । मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा 58 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व 79 विद्यार्थियों को रजत पदक तथा सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व प्रायोजित नगद पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में लगभग 2000 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

## प्रशिक्षण एवम् पर्यावरण संतुलन समिति

1. दि. 14 अप्रैल 2019 को समिति एवम् सभी क्षेत्रीय समितियों के संयुक्त तत्वावधान में ''बिखरे मोती की माला'' कार्यक्रम के अन्तर्गत ''बच्चों की परवरिश एवम् सम्पूर्ण विकास'' तथा ''संवाद एवम् सामंजस्य से रिश्तों मेंमिठास'' विषय पर प्रख्यात सामाजिक सामाजिक वक्ता श्री रमेशजी परतानी (हैदराबाद) का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त रहा । लगभग 250 से अधिक समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया ।

2. दि. 3 जुलाई 2019 को समिति ने बॅरेटो स्कूल, विगास स्ट्रीट में वृक्षारोपण किये जिसमें 15 वृक्ष लगाए ।

3. दि. 5 जुलाई 2019 को आषाढ़ी एकादशी के दिन 251 तुलसी के पौधों का वितरण लक्ष्मीनारायण मंदिर, माधवबाग में किया गया ।

## विवाह सहयोग समिति

1. गिरगांव भवन में बायोडेटा के अवलोकन की व्यवस्था का कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक सुचारूरूप से चल रहा है। विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय पत्रों की संक्षिप्त जानकारी प्रति माह, सरसवाणी में प्रकाशित की जाती है, इससे भी समाजबन्धुओं को उपयुक्त वर-वधु के चयन में मदद मिल रही है ।

2. विवाह योग्य युवक युवतियों के Biodata, Online भरने एवम् अवलोकन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है जिसका समाजबन्धु लाभ ले रहे हैं ।

3. दि. 31 मार्च 2019 को बायोडाटा सेमिनार, जे. बी. नगर, अंधेरी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । जिसका कई अभिभावकों ने लाभ लिया ।

4. राधाकृष्ण लाहोटी स्मृति कोष में 2018-19 में समाजबन्धुओं से रू. 3,03,301/ का अनुदान प्राप्त हुआ एवम् रू. 11,91,000/ की राशि असहाय जरूरतमंदों में वितरित की गई ।

## संस्कार एवम् सत्संग समिति

1. समिति द्वारा प्राथमिक आश्रम शाला, तलवली गांव, जिला मुरबाड के आदिवासी बच्चों के शिक्षा का स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रोजेक्टर व एक 56 इंच टीवी अनुदान में दिया।

2. दि. 16 से 19 मई 2019 तक वैशाख मास में समिति द्वारा आयोजित पंडित श्री प्रदीपजी मिश्रा, द्वारा स्कन्द पुराण कथा का आयोजन माहेश्वरी भवन, अंधेरी में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । पंडित श्री प्रदीपजी मिश्रा का मार्गदर्शन सराहनीय रहा । लगभग 450 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

## केन्द्रीय महिला समिति

1. दि .22 व 23 अगस्त 2018 को सातुचूर्ण वितरण का कार्यक्रम गिरगांव भवन में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । सभी क्षेत्रीय महिला समितियों का सहयोग सराहनीय रहा ।

2. दि. 15 से 17 फरवरी 2019 को चम्पारण यात्रा सुचारू रूप से सम्पन्न हुई । कुल 85 समाजबन्धुओं ने यात्रा का लाभ लिया ।

3. दि 30 मार्च 2019 को गणगौर महोत्सव कार्यक्रम सभी क्षेत्रीय महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में बिरला मातुश्री सभगार, मरीन लाईन्स, में हर्षोल्लस से सम्पन्न हुआ । सभी क्षेत्रीय महिला समितियों द्वारा मनमोहक नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति हुई। प्रत्येक क्षेत्र से लगभग 25 कलाकारों ने भाग लिया था । इस प्रकार कुल 200 कलाकारों द्वारा सतरंगी गणगौर की इस अनोखी प्रस्तुति की सभी ने बहुत प्रशंसा की । लगभग 1300 समाजबन्धुओं ने इसका आनन्द लिया ।

## केन्द्रीय युवा समिति

1. दि. 23 सितम्बर 2018 को गणपति विसर्जन के अवसर पर 25000 कचोड़ी वितरण एवम् जल सेवा का आयोजन सुचारूरूप से सम्पन्न हुआ । लगभग 50 समाजबन्धुओं ने कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की ।

2. दि. 17 फरवरी 2019 को सभी क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त तत्वावधान में माहेश्वरी मुम्बई मैराथन 2019 का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 700 से अधिक समाजबन्धुओं ने भाग लिया जिसमें बच्चों व वरिष्ठ सदस्यों का समावेश था।

3. दि. 25 व 26 मई 2019 को दो दिवसीय पिकनिक पालघर स्थित Sajan Nature Trails Resort में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई । कुल 48 युवाओं ने इस आयोजन का लाभ लिया ।

## इन्फोर्मेशन एण्ड टेक्नोलोजी समिति

1. गिरगांव भवन के कमरों की online booking सुविधा उपलब्ध करवाई, जिसका उपयोग समाजबन्धु ले रहे है ।

2. Members data regularly update किया जा रहा है ।

3. SMS व E-mail द्वारा सदस्यों को सरसवाणी भेजी जा रही है ।

4. विवाह योग्य युवक युवतियों के Biodata Online उपलब्ध करवाये गये है ।

5. शिक्षा सहयोग समिति की गतिविधियाँ Computerise कर रहे हैं ।

## घाटकोपर क्षेत्रीय समिति, क्षेत्रीय महिला समिति एवम् क्षेत्रीय युवा समिति के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 3 सितम्बर 2018 को जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । समाज के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों का सभी ने आनन्द लिया । लगभग 80 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

2. दि. 18 अक्टूबर 2018 को सामुहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । लगभग 60 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

3. दि. 11 नवम्बर 2018 को दीपावली स्नेह मिलन, अन्नकूट प्रसाद का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । लगभग 190 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

4. दि. 4 मार्च 2019 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महारूद्राभिषेक का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । लगभग 50 समाजबन्धुओं ने आयोजन का लाभ लिया ।

5. दि. 17 मार्च 2019 को होली स्नेह मिलन का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । वृन्दावन से पधारे हुए कलाकारों द्वारा फूलों की होली की मनमोहक प्रस्तुति का सभी ने आनन्द लिया । लगभग 150 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

6. दि. 28 अप्रैल 2019 को आयोजित मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री मनोजजी आसावा एवम् मण्डल अध्यक्ष श्री अजयजी मंत्री के कर कमलों से Jr. KG से 10 वीं कक्षा के होनहार विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र एवम् रजत पदक से अभिनन्दन किया गया । समाज के कलाकारों द्वारा सुमधुर गीत संगीत की मनमोहक प्रस्तुति का समाजबन्धुओं ने भरपूर आनन्द लिया । लगभग 300 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

## घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 28 अगस्त 2018 को तीज सिंझारा एवम् मेहंदी का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । लगभग 60 बहनों ने इसका लाभ लिया । इस अवसर पर आयोजित Pap Smear Test का बहनों ने लाभ लिया ।

2. दि. 15 दिसम्बर 2018 को Special Day - Learn with Fun बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ । समय का सदुपयोग, नैतिकता, ऊँची सोच, Positive Thinking आदि मौलिक बाते Documentary film तथा Games द्वारा बच्चों को सिखाई गई । इसमें 60 बच्चों ने भाग लिया ।

3. दि. 19 जनवरी 2019 को मकर संक्रान्ति पर हल्दी कुंकुम एवम् मेल मिलाप का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । लगभग 60 बहनों की उपस्थिति रही ।

4. दि. 23 जनवरी 2019 को सर्वजन हिताय कार्यक्रम के अन्तर्गत वात्सल्य ट्रस्ट कांजुर मार्ग को रू.11000/ की सहायता दी।

5. दि. 2 फरवरी 2019 को Cooking Demonstration का आयोजन सुचारूरूप से सम्पन्न हुआ । जाने माने शेफ रोहित गुजराल ने थाई तथा मॅक्सिकन डिशेश बहुत ही सरल तरीके से बनाकर बताये । लगभग 50 बहनों की उपस्थिति रही ।

6. दि. 6 अप्रैल 2019 को मेहंदी व गणगौर सिंझारे का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ एवम् Use of Plastic & its disposal विषय पर जागरूकता के लिये आयोजित व्याख्यान का लगभग 50 बहनों ने लाभ लिया ।

7. दि. 8 अप्रैल 2019 को गणगौर उद्यापन का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । 5 बहनों ने उद्यापन करवाया उपस्थिति लगभग 100 बहनों की रही ।

8. जून 2019 से प्रत्येक गुरूवार को श्रीमद्भगवत गीता के श्लोकों का सही एवम् स्पष्ट उच्चारण हेतु कार्यशाला का आयोजन घाटकोपर भवन में प्रारम्भ किया गया है । श्रीमती सुनीताजी राठी इस कार्यशाला का संचालन कर रही है ।

9. दि. 21 जून 2019 को योग कार्यशाला का आयोजन घाटकोपर भवन में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । श्रीमती उर्मिलाजी धूत का मार्गदर्शन सराहनीय रहा जिसका लगभग 25 बहनों ने लाभ लिया ।

10. दि. 15 जुलाई 2019 को Art Therappy Workshop का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । उपस्थिति लगभग 30 बहनों की रही । सुश्री आकांक्षा सुरेखा एवम् सुश्री जुही कासट का मार्गदर्शन उपयुक्त रहा ।

## घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 15 अगस्त 2018 को घाटकोपर भवन में स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजा रोहण एवम् देश भक्ति गीतों का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । लगभग 40 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

2. दि. 9 सितम्बर 2018 को घाटकोपर भवन में Eco Friendly गणेश मूर्ति बनाने की कार्यशाला सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। लगभग 50 बच्चे व बहनों ने आयोजन का लाभ लिया ।

3. दि. 4 नवम्बर 2018 को सर्वजन हिताय कार्यक्रम के अन्तर्गत चेम्बूर स्थित मंदबुद्धि विद्यार्थी गृह के बच्चों को नित्य जीवनोपयोगी सामग्री का वितरण किया गया ।

4. दि. 16 दिसम्बर 2018 को एक दिवसीय पिकनिक (Juice Adventure Park) सुचारू रूप से सम्पन्न हुई । 20 युवाओं ने भाग लिया ।

5. दि. 13 जनवरी 2019 को पतंग उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लगभग 80 समाजबन्धुओं ने भाग लिया ।

6. दि. 26 जनवरी 2019 को Box Cricket Tournament – Season 2 का आयोजन Urban Sports Park, Chembur में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें 4 टीम के 48 खिलाड़ियों ने भाग लिया । 120 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

## गोरेगांव क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 28 अक्टूबर 2018 को शिव मन्दिर, महेश नगर में आयोजित सामुहिक सुन्दरकाण्ड पाठ सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 260 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

2. दि. 18 नवम्बर 2018 को दीपावली स्नेह मिलन एवम् समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । पहली से दसवीं तक के 51 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवम् रजत पदक प्रदान कर अभिनन्दन किया गया । इस आवसर पर श्रीमती राधाजी बागड़ी के सुमधुर भजनों का सभी ने आनन्द लिया । लगभग 470 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

3. दि. 24 मार्च 2019 को होली स्नेह मिलन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । लगभग 400 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

4. दि. 1 से 5 मई 2019 को ध्रुव एकेडमी संगमनेर में 9 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए संस्कार शिविर (समर केम्प) का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । 125 बच्चों ने केम्प में भाग लिया ।

## गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 22 फरवरी 2019 को आयोजित Mental Health Awareness Workshop का आयोजन सुचारूरूप से सम्पन्न हुआ । डॉ. सुचित्रा इनामदार का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त रहा । लगभग 42 बहनों ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया ।

2. दि. 26 जनवरी 2019 को संगठन एवम् जनसेवा समिति और गोरेगांव क्षेत्रीय महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में ध्वजा रोहण कार्यक्रम के पश्चात् जरूरतमंद 53 छात्र छात्राओं को साईकिल वितरण का कार्यक्रम आरे कॉलोनी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । लगभग 60 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

3. दि. 8 अप्रैल 2019 को सामूहिक गणगौर उद्यापन का कार्यक्रम अंधेरी भवन में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । कुल 10 बहनों के उद्यापन सम्पन्न हुए । लगभग 245 बहनों की उपस्थिति रही ।

4. दि. 14 व 15 जून 2019 को ''योग दूर करें रोग'' कार्यशाला बांगड़ सेवा सदन, बांगड नगर में सुचारू रूप से सम्पन्न हुई।

योग गुरू श्रीमती चित्राजी पोलके का मार्गदर्शन सराहनीय रहा । जिसका कुल 90 बहनो ने लाभ लिया ।

## गोरेगांव क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 15 नवम्बर 2018 को DJ Night सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ ।

2. दि. 9 फरवरी 2019 को आयोजित Midnight Cycling Event हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। 16 कि.मी. की यह Cycling Event रात्रि 10 बजे गिरगांव भवन से आरम्भ हुई। CSMT-Fort-Asiatic Library- Gate Way of India – NCPA - Marine Drive - Girgaon Chowpati होते हुए गिरगांव भवन पर प्रातः 5 बजे समाप्त हुई । कुल 80 युवाओं ने इस आयोजन में भाग लिया ।

3. दि. 13 व 14 अप्रैल 2019 को Overarm Box Gold Cup Cricket Tournament सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । जिसमें विविध श्रेणियों में कुल 34 टीम ने भाग लिया एवम् दो दिवस के इस आयोजन में 900 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

## बोरीवली क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समितिों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 11 नवम्बर 2018 को दीपावली स्नेह मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी, छप्पन भोग प्रसाद एवम् समाजबन्धुओं द्वारा भजन संध्या का आनन्द लिया । लगभग 750 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

2. दि. 12 मई 2019 को ''कुछ समझें कुछ समझायें - पारिवारिक जीवन सुखमय बनायें'' विषय पर पूर्व अध्यक्ष श्री रमेशजी मरदा द्वारा व्याख्यान का आयोजन, प्रबोधनकर ठाकरे हाल, बोरीवली में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । लगभग 200 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन में भाग लिया ।

3. दि. 11 जून 2019 को महेश नवमी के दिन तुंगारेश्वर में सामुहिक रूद्राभिषेक एवम् महाप्रसाद का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । 65 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

4. दि. 22 जून 2019 को संगठन एवम् जनसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सर्वजन हिताय प्रोजेक्ट के अन्तर्गत डहाणु के आदिवासी क्षेत्र, रानशेत व गंजाड स्कूल के विद्यार्थियों को 2034 दर्जन नोट बुक एवम् जरूरतमंद विद्यार्थियों को 60 Reconditioned Cycles का निःशुल्क वितरण किया गया।

## बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 21 दिसम्बर 2018 को माता की चौकी का कार्यक्रम संगीतमय कीर्तन व भजनों के साथ हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । लगभग 150 बहनों की उपस्थिति रही ।

2. दि. 5 अप्रैल 2019 को गणगौर उत्सव का कार्यक्रम बोरीवली प्लाट पर हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर समाज की बहनों द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई । लगभग 550 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

3. दि. 8 अप्रैल 2019 को सामुहिक गणगौर उद्यापन का आयोजन बोरीवली प्लाट पर हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर समाज की 14 बहनों ने उद्यापन करवाया जिसमें 275 बहनों की उपस्थिति रही ।

4. दि. 24 जुलाई 2019 को समिति द्वारा A Life Transformational Workshop विषय ''स्वयं से प्रेम करें और अपना जीवन सवारें'' सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ ।

## बोरीवली क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 15 अगस्त 2018 को बोरीवली प्लॉट पर ध्वजारोहण एवम् खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर 6 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए Drawing competition का आयोजन सम्पन्न हुआ 25 बच्चों ने भाग लिया तथा Telly Chakkar में 10 टीम के 60 बन्धु बहनों ने भाग लिया । लगभग 125 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

2. दि. 2 व 3 फरवरी 2019 को Maheshwari Premier League -11 Underarm Cricket Tournament का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इसमें 20 पुरूष, 5 महिला, 2 girls और 4 boys की टीम ने भाग लिया । कुल 341 युवा, महिला व बच्चों ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया। दो दिन के इस आयोजन में लगभग 1200 समाजबन्धुओं

की उपस्थिति रही ।

3. दि. 4 मई 2019 को सीनियर सिटीजन मेल मिलाप के आयोजन में ''उमर पचपन की दिल बचपन'' का मनोरंजन कार्यक्रम बोरीवली प्लाट पर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । विविध मनोरंजक कार्यक्रम के साथ साथ सीनीयर सिटीजन्स की सुरक्षा हेतु मार्गदर्शन का कार्यक्रम व तुलसी के पौधों का वितरण सम्पन्न हुआ । लगभग 175 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का आनन्द लेते हुए अपने बचपन की यादें ताजी की ।

## अंधेरी क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समिति के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 9 से 18 अगस्त 2018 तक पूर्वी युरोप यात्रा हर्षोल्लस से सम्पन्न हुई । बर्फिले पहाडों पर प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन का सभी ने लाभ लिया । 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस राष्ट्रगान करके हर्षोल्लास से मनाया । कुल 52 समाजबन्धुओं ने इस यात्रा में भाग लिया ।

2. दि. 15 अगस्त 2018 को स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी नित्यानन्द म्युनिसिपल स्कूल में ध्वजारोहण का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । 350 विद्यार्थियों को नोट बुक्स व अन्य शालोपयोगी वस्तुओं का नि:शुल्क वितरण किया ।

3. दि. 10 नवम्बर 2018 को दीपावली स्नेह मिलन एवम् वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । समाज के 5 से 75 वर्ष के लगभग 50 कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम ''गुन गुन गुना रे गाना रे'' की प्रस्तुति हुई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि Cosmo Electro Industries Pvt. Ltd. के Managing Director श्री शशिकान्तजी बियानी के करकमलों से 1st to 10th std. तक के मेधावी विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र एवम् स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दन किया गया। लगभग 425 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

4. दि. 26 जनवरी 2019 को म्युनिसिपल स्कूल में विद्यार्थियों को नास्ता एवम् शिक्षा उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया।

5. दि. 16 मार्च 2019 को होली स्नेह मिलन का आयोजन अंधेरी भवन में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । श्रीमती राखीजी जाजू द्वारा ''मल्हार'' की मनमोहक प्रस्तुति का सभी ने आनन्द लिया । मुख्य अतिथि के रूप में श्री विजयकुमारजी माहेश्वरी पधारे थे। उपस्थिति लगभग 400 समाजबन्धुओं की रही ।

6. दि. 2 जून 2019 को संगठन एवम् जनसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में OJAS LIFE Transforming सेमिनार माहेश्वरी भवन अंधेरी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ ।

## अंधेरी क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 27 नवम्बर 2018 को सुन्दरकांड पाठ हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । उपस्थिति 75 बहनों की रही ।

2. दि. 9 जनवरी 2019 को पगोडा एवम् केशव सृष्टी पिकनिक हर्षोल्लास सें सम्पन्न हुई। मेडिटेशन एवम मनोरंजक कार्यक्रम का 47 बहनों ने लाभ लिया ।

3. दि. 3 एवम् 4 मई 2019 को माहेश्वरी भवन अंधेरी में दो दिवसीय केम्प ''आत् मंथन'' का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । 50 बहनों ने केम्प में भाग लिया ।

4. दि. 30 जून 2019 को वृक्षारोपण समारोह कांचन गांव, वाडा में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । 400 पौधे लगाये गये एवम् 34 बहनों की उपस्थिति रही ।

## अंधेरी क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 13 जनवरी 2019 को मेल मिलाप कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर रावणलीला सिनेमा सभी 125 युवाओं ने देखा ।

2. दि. 27 जुलाई 2019 को सर्वजन हिताय कार्यक्रम के अन्तर्गत समिति द्वारा बदलापुर के बाल अनाथाश्रम में बच्चों के लिये एक महीने के भोजन का प्रबन्ध करवाया गया ।

## मुलुण्ड क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समिति के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 2 सितम्बर 2018 को जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर समाज के कलाकारों द्वारा भजनों

की मनमोहक प्रस्तुति हुई । लगभग 100 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

2. दि. 9 सितम्बर 2018 को पालघर स्थित गोवर्धन इको विलेज में आयोजित एक दिवसीय पिकनिक हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। 34 समाजबन्धुओं ने इस पिाकनिक में भाग लिया ।

3. दि. 3 नवम्बर 2018 को सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । लगभग 80 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का आनन्द लिया ।

4. दि. 11 नवम्बर 2018 को आर्ट ऑफ लिविंग, परमेश्वरी सेन्टर, मुलुण्ड में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन एवम् अन्नकूट प्रसाद का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। भजन अन्ताक्षरी का विशेष कार्यक्रम सराहनीय रहा जिसका सभी ने आनन्द लिया । लगभग 190 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

5. दि. 21 मार्च 2019 को होली स्नेह मिलन एवम् मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर Live Orchestra, Rain Dance एवम् फूलों की होली का सभी ने आनन्द लिया। कुल 310 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

## मुलुण्ड क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 24 अगस्त 2018 को महेन्द्र स्प्लेण्डर क्लब में आयोजित तीज सिंझारा का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । लगभग 85 बहनों की उपस्थिति रही ।

2. दि. 5 दिसम्बर 2018 को आयोजित मामाचा गांव, एक दिवसीय पिकनिक हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई । कुल 24 बहनों ने इस आयोजन का लाभ लिया तथा गौ सेवा एवम शिव मंदिर दर्शन का लाभ लिया ।

3. दि. 16 जनवरी 2019 को मकर संक्रांति पर्व पर हल्दी कुंकुम का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । हल्दी कुंकुम के रंग की साड़ियाँ परिधान कर विविध मनोरंजक कार्यक्रम का 60 बहनों ने आनन्द लिया ।

4. दि. 13,14, व 15 फरवरी 2019 को योग कार्यशाला मुन्दड़ा हॉस्टेल में सम्पन्न हुई ज़िसका 37 बहनों ने लाभ लिया ।

5. दि. 4 मार्च 2019 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समाज के कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । लगभग 35 बहनों की उपस्थिति रही ।

6. दि. 3 अप्रैल 2019 गणगौर सिंझारा के अवसर पर ''गँवर माँ का श्रृंगार तीन पीढ़ियों का सार'' की मनमोहन प्रस्तुति हुई जिसका 116 बहनों ने आनन्द लिया ।

7. दि. 7 जुलाई 2019 को Women Empowerment विषय को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग ''आज की नारी -सशक्त, सुशिक्षित व सुसंस्कृत नारी'' सुचारू रुप से सम्पन्न हुआ । 42 बहनों की उपस्थिति रही ।

8. '' मन की बात चाय के साथ '' मुलुण्ड क्षेत्र के परिवार की बहनों को, मिलने का कार्य समिति के सदस्याओं ने दि. 21 मई से प्रारम्भ किया । अब तक 40 परिवार की बहनों से मुलाकात की है । यह कार्य आगे भी चलतारहेगा ।

## मुलुण्ड क्षेत्रीय युवा समिति

1. दि. 23 सितम्बर 2019 को गणेश विसर्जन के अवसर पर मुलुण्ड में गणेश भक्तों के लिए शरबत वितरण किया गया ।

2. दि. 19 जनवरी 2019 को DJ Night का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । 36 युवाओं की उपस्थिति रही ।

## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समिति के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 12 अगस्त 2018 को श्रावण मास में रूद्राभिषेक एवम् चौमासारी पिकनिक का आयोजन गगनगिरी आश्रम, वालकेश्वर में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । लगभग 170 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही ।

2. दि. 8 सितम्बर 2018 को Industrial Tour का आयोजन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ जिसमें Bharuch स्थित Birla Century (A division of Century Textiles & Industries Ltd.) Visit की गई। 20 समाजबन्धुओं ने भाग लिया ।

3. दि. 28 अक्टूबर 2018 को आयोजित गोष्ठी का आयोजन वैंकटेश मंदिर, फणसवाडी में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ । लगभग 100 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया ।

4. दि. 16 नवम्बर 2018 को दीपावली स्नेह मिलन, अन्नकूट प्रसाद, छप्पन भोग एवम् भजन संध्या का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 450 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

5. दि. 4 मार्च 2019 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर चार प्रहर पूजा (रूद्राभिषेक) सायं 6.30 से प्रात: 4.30 बजे तक भक्ति भाव से सम्पन्न हुई। लगभग 125 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।

6. दि. 16 मार्च 2019 को होली स्नेह मिलन के उपलक्ष्य में आयोजित लोकगीतों एवम् डफ धमाल का आयोजन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। लगभग 325 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति

1. दि. 18 अगस्त 2018 को गरवारे क्लब, चर्चगेट में The Queen's Walk प्रतियोगिता सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। लगभग 50 बहनों ने भाग लेते हुए भारतीय संस्कृति व वेशभूषा का अनोखा प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। लगभग 350 बहनों की उपस्थिति रही।

2. दि. 5 सितम्बर 2018 को गिरगांव भवन में Chocolate Bouquet Workshop सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। श्रीमती किरनजी बजाज का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त व सराहनीय रहा। लगभग 30 बहनों ने इस आयोजन का लाभ लिया।

3. दि. 19 दिसम्बर 2018 को गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भगवत् गीता के 18 अध्यायों का सामुहिक पाठ सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 100 बहनों ने इस आयोजन का लाभ लिया।

4. दि. 9 जनवरी 2019 को आयोजित हल्दी कुंकुंम का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। महाराष्ट्र की वेशभूषा में मराठी गीतों पर नृत्य करके बहनों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। लगभग 95 बहनों की उपस्थिति रही।

5. दि. 8 मार्च 2019 को महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय पिकनिक लोनावला में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। जिसमें 60 बहनों की उपस्थिति रही।

6. दि. 26 अप्रैल 2019 को Meditation by Sound Bath कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। श्रीमती अनुजी मोरारका का मार्गदर्शन बहुत ही उपयुक्त रहा। उपस्थिति 30 बहनों की रही।

7. दि. 10 से 18 जून 2019 को 7 Days Acting Workshop (सात दिवसीय अभिनय कार्यशाला) का आयोजन माहेश्वरी भवन गिरगांव में सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। उपस्थिति करीब 35 बहनों की रही।

8. दि. 20 जुलाई 2019 को तीज सिंझारे के उपलक्ष्य में आयोजित नृत्य का मनमोहक कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। जिसमें राखी जाजू के संग घूमर एवम् भांगड़ा के नृत्य का आनन्द उपस्थित बहनों ने लिया। उपस्थिति लगभग 100 बहनों की रही।

## दक्षिण मुम्बई व मध्य मुम्बई युवा समितियों के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 9 जनवरी 2019 को Kamla Mehta Blind School मे स्पोर्ट्स डे का आयोजन सम्पन्न हुआ।

2. दि. 26 जनवरी 2019 को Get-together, & Fun Music का आयोजन तलाविया, कमला मिल कम्पाऊण्ड, लोअर परेल में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित गीत संगीत व नृत्य का सभी ने आनन्द लिया। उपस्थिति लगभग 75 युवाओं की रही।

3. दि. 23 फरवरी 2019 को आयोजित Drive Your Family Business to New Heights & Peak विषय पर R R Global के Director श्री सुमितजी काबरा का व्याख्यान बहुत ही उपयुक्त एवम् सराहनीय रहा। लगभग 80 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

## दक्षिण मुम्बई युवा समिति कार्यक्रम

1. दि. 16 जून 2019 को Cricket LeagueTournament Catholic Gymkhana, (Turf) Marine Drive में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। 8 टीम के 90 खिलाडियों ने भाग लिया जिसका समाजबन्धुओं ने भरपूर आनन्द लिया।

## मध्य मुम्बई क्षेत्रीय, क्षेत्रीय महिला एवम् क्षेत्रीय युवा समिति के संयुक्त कार्यक्रम

1. दि. 11 नवम्बर 2018 को दीपावली स्नेह मिलन, अन्नकूट एवम् मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर पहली से दसवी कक्षा के 22 विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र एवम् रजत पदक कर अभिनन्दन किया गया । लगभग 225 समाजबन्धुओं ने आयोजन का आनन्द लिया ।

2. मकर संक्रांति एवम् नव वर्ष के उपलक्ष्य में गाडगे महाराज धर्मशाला में रहने वाले केन्सर मरीजों को 200 कम्बलों का वितरण किया गया ।

3. दि. 16 व 17 मार्च 2019 को आयोजित शैक्षणिक एवम् मनोरंजक (बडोदरा) यात्रा हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। 56 समाजबन्धुओं ने इस यात्रा में भाग लिया ।

4. दि. 23 मार्च 2019 को होली स्नेह मिलन का आयोजन गिरगांव भवन में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर फूलों की होली का आयोजन ISCON मंदिर के स्वामीजी द्वारा किया गया ।

